भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.), वाराणसी।

<u>हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 01-14, 2021)</u>

1. **हिन्दी पखवाड़ा का उद्‌घाटन:**

   संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 01-15, 2021) के अंतर्गत **दिनांक 01.09.2021** को एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में हिन्दी पखवाड़ा के उद्‌घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन संस्थान के निदेशक महोदय आचार्य प्रमोद कुमार जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान में वर्ष 2020-21 के दौरान हिन्दी में किए गये कार्यों की आख्या प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर निदेशक महोदय द्वारा संस्थान कर्मचारियों को कार्यालयी कार्य अधिकाधिक हिन्दी में करने हेतु अपील जारी की गई।

2. **हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी:**

   दिनांक 03.09.2021 को संस्थान के मुख्य ग्रंथालय में हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उक्त प्रदर्शनी संस्थान के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुई।

3. **हिन्दी टिप्पण लेखन, पत्राचार एवं शब्द-ज्ञान प्रतियोगिता:**

   दिनांक 06.09.2021 को हिन्दी टिप्पण लेखन , पत्राचार एवं शब्द-ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया , जिसमें कुल 22 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

4. **हिन्दी निबंध, कहानी व व्यंग्य लेखन प्रतियोगिता:**

   संस्थान में **दिनांक 04.09.2021 से दिनांक 06.09.2021 के मध्य** ऑनलाइन माध्यम से हिन्दी निबंध , कहानी व व्यंग्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में किया गया- अध्यापक वर्ग, विद्यार्थी वर्ग एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी वर्ग।

5. **यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता:**

   दिनांक 08.09.2021 को संस्थान के प्रथम वर्ष संगणक प्रयोगशाला , यांत्रिक अभियांत्रिक विभाग में यूनिकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल 21 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

6. **हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता:**
   दिनांक 10.09.2021 को संस्थान के एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , जिसमें कुल 07 गैर-शैक्षणिक कर्मचारी एवं 01 छात्र ने प्रतिभाग किया।

7. **हिन्दी काव्य-संध्या का आयोजन:**

दिनांक 11.09.2021 को ऑनलाइन माध्यम से हिन्दी काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया , जिसमें मुख्य अतिथि कवि आचार्य वशिष्ठ द्विवेदी (अनूप वशिष्ठ), हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय थे। काव्य संध्या का संचालन डॉ. अनीता मोहन , भौतिकी विभाग ने किया। इसमें आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. अनीता मोहन, आचार्य संजय कुमार पांडेय, आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव , आचार्य संजय कुमार शर्मा , आचार्य बी.एन.राय (सेवानिवृत्त) ने स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत किए।

8. **मुख्य समारोह:**

संस्थान में 14 सितंबर, 2021 को मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उक्त सभी प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।